हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 19 जनवरी 2026

06 संत गाडगे जयंती को लेकर बैठक संपन्न



08 बापौली धाम में सकल हिंदू सम्मेलन आज





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आज होगी

**विदिशा।** जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता आज सुबह 10:30 बजे से मगधम स्कूल में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में शतरंज खेल को बढ़ावा देना एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे आने का अवसर प्रदान करना है। विश्वामित्र अवार्डी दिलीप थापा, जिला चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष सोमिल पलोड, उपाध्यक्ष अटल तिवारी ने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### सिरोंज विधायक शर्मा की अनुशंसा पर 15 लाख की मदद जारी

**सिरोंज।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिरोंज विधायक उमाकांत की अनुशंसा पर बैरसिया स्थित सरस्वती विद्या बिहार संस्थान के समीप हुई सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को 15 लाख की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। दुर्घटना में एक लोडिंग वाहन और ट्रैक्टर ट्रॉली के बीच टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 10 लोग घायल हुए थे। दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख वहीं 10 घायलों को 50-50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

### बीसीएल चैंपियंस लीग का हुआ शुभारंभ हुआ

**विदिशा।** एसएसएल जैन कॉलेज ग्राउंड पर विदिशा चैंपियंस लीग (बीसीएल) क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सत्र का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह प्रतियोगिता स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती है। आयोजक कपिल बलेचा ने बताया कि बीसीएल में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 26 जनवरी को खेला जाएगा। विजेता टीम को 66 हजार 666 एवं उपविजेता को 33 हजार 333 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### सुशील शर्मा बने जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी

**विदिशा।** जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता सुशील शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी का मीडिया प्रभारी



नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी द्वारा की गई। नियुक्ति पर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सुशील शर्मा को बधाई दी तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना से 1849 किसानों को लाभ देने का लक्ष्य

**विदिशा।** प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत विदिशा जिले को 1849 किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराकर किसानों की खेती लागत कम करना और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है। योजना के तहत सौर पंप एवं अन्य उपकरणों से सिंचाई व्यवस्था मजबूत हुई है।

### सीएम ने 139 मरीजों को 57 लाख स्वीकृत किए

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वेच्छानुदान मद से गंभीर एवं असाध्य रोगों से पीड़ित 139 मरीजों के उपचार के लिए 57 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। राशि संबंधित शासकीय एवं निजी अस्पतालों को सीधे जारी कर दी गई है, जिससे मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस सहायता राशि से हृदय रोग, किडनी, कैंसर, न्यूरोलॉजिकल, दुर्घटना जनित चोटों सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों का उपचार संभव हो सकेगा।

## शुभम को दी श्रद्धांजलि, नशे के खिलाफ एकजुट हुआ शहर



**विदिशा।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में 3 जनवरी को हुई शुभम चौबे नंदू की हत्या को लेकर पूरे शहर में शोक की लहर है। रविवार को इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के रहवासियों ने अहमदपुर तिराह स्थित अंबेडकर चौक पर पार्षद सपना राजेश जैन के नेतृत्व में आदेश जैन, संजय भंडारी, अखिलेश जैन, पंकज जैन, रणधीर सिंह, सचिन जैन, सोनल नरवरिया व पंकज अग्रवाल सहित अन्य साथियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। शहर के सामाजिक, व्यापारिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि शहर में बढ़ते नशे पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, मनोज कटारे, राकेश शर्मा, योगेंद्र राणा मौजूद रहे।

## करारिया और खामखेड़ा में निकली किसान जन आंदोलन यात्रा, किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### ब्लॉक करारिया से खामखेड़ा तक सैकड़ों किसानों ने की समर्थन मूल्य और मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी किसान जन आंदोलन यात्रा के तहत शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक करारिया और खामखेड़ा में किसान जन आंदोलन यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा करारिया से होते हुए ग्राम सुनपुरा, उदयगिरि, जंबार, बागरी, जाफरखेड़ी, छीरखेड़ा, खमतला, बिलौरी और करैया हाट से खामखेड़ा पहुंची। यात्रा के दौरान किसानों ने बढ़ती खेती लागत के बीच फसलों के उचित समर्थन मूल्य की पुरजोर मांग उठाई। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गेहूं एवं धान का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए तथा मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने नकली बीज व खाद बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई, खाद की समय पर एवं पर्याप्त उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण में बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा, लैंड पूलिंग एक्ट समाप्त करने और बिजली विभाग



विदिशा। किसानों को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनित दांगी।

द्वारा किसानों पर बनाए गए झूठे प्रकरणों को रद्द करने की मांग की। साथ ही जंगली जानवरों एवं आवारा मवेशियों से फसल क्षति पर मुआवजा दिए जाने की मांग भी रखी गई। यात्रा प्रभारी रमेश तिवारी ने कहा कि खाद, दवाई, डीजल और कृषि यंत्रों की बढ़ती कीमतों ने किसानों की कमर तोड़ दी है, जबकि फसलों के दाम स्थिर हैं, जिससे किसान गंभीर संकट में है। इस अवसर पर यात्रा प्रभारी संतोष कुशवाह, विधानसभा अध्यक्ष मानस गुप्ता, जिला निर्वाचन प्रभारी अंकुर गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष अनुज यादव सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, किसान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। यह जानकारी किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने दी है।

### विदिशा पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन की वार्षिक बैठक में एकजुट हुए व्यापारी

## विरोध: डी-मार्ट मॉल को बनने से रोकने व्यापारियों ने बनाई रणनीति

**छोटे व मध्यम व्यापारियों के हित में आंदोलन की रूपरेखा बनाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर में प्रस्तावित डी-मार्ट की पुनर्स्थापना को रोकने, ई-कॉमर्स और बड़े मॉल-सुपर स्टोर्स से उत्पन्न चुनौतियों तथा छोटे व निम्न वर्ग के व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करने विदिशा पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन ने रविवार को बैठक की।

वर्षों से चली आ रही खेरची व्यापार की परंपरा पर बड़े कॉर्पोरेट नेटवर्क के कारण पड़ रहे दुष्प्रभावों को गंभीर मुद्दा बताया गया। नरेंद्र धनवानी के अनुसार बैठक में



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान व्यापार महासंघ सहित शहर के अन्य व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

वक्ताओं ने कहा कि बड़ी कंपनियां सीधे मैन्युफैक्चरर्स से माल खरीदकर कम लागत पर बड़े शहरों और अब छोटे शहरों तक अपना नेटवर्क फैला रही हैं। इससे गली-मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर स्थित छोटे व मध्यम दुकानदारों को भारी नुकसान हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्नालाल जैन एवं उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन ने की।

इस अवसर पर राजेश जैन ने बताया कि रिलायंस की तीन बीघा जमीन है लेकिन व्यापारी एकता के चलते वह निर्माण भी शुरु नहीं कर सके हैं। यदि हम चाह लें तो डी मार्ट जैसे अन्य ईकामर्स गतिविधियां शहर में नहीं चल सकती हैं। लेकिन व्यापारियों को एक आवाज पर एकजुट होकर प्रदर्शन में शामिल होना होगा। बैठक में सुरेश मोतियानी, राधेश्याम माहेश्वरी, नीरज चौरसिया, मनोज जैन, राजीव पीतलिया, विश्वनाथ अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

### व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करता रहूंगा: मुन्नाभैया जैन

व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि व्यापार महासंघ व्यापारियों के हितों की रक्षा का मंच है। यह राजनीति का अखाड़ा नहीं है और मैं इसमें राजनीति को प्रवेश भी नहीं करने दूंगा। पिछले चुनाव में हुए राजनैतिक हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए उन्होने दो टूक शब्दों में कहा कि इस कार्यकारिणी के द्वारा महासंघ को कमजोर करने जैसे कदम नहीं उठाए जाएंगे। जो लोग सीधे चुनाव की मांग कर रहे हैं वे व्यापार महासंघ को कमजोर करने पर अड़े हैं और यह वे नहीं होने देंगे। उन्होने साफ-साफ कहा कि व्यापार महासंघ के चुनाव अपने विधान से होंगे। नई कार्यकारिणी का गठन होने के बाद यदि नई कार्यकारिणी चाहे तो सीधे चुनाव कराने का फैसला ले कोई आपत्ति नहीं है।

### ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ऑनर्स संगठन के चुनाव हुए

## अध्यक्ष बने जसविंदर सिंह संधू, उपाध्यक्ष सोनू यादव



विदिशा। जीत के बाद खुशी का इजहार करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारी।

**चुनाव में निर्वाचन अधिकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई चुनावी प्रक्रिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार को ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ऑनर्स संगठन के चुनाव हुए। चुनाव में विभिन्न पदों के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

अध्यक्ष पद के लिए जसविंदर सिंह संधू एवं नितिन गुप्ता के बीच चुनाव हुआ, जिसमें जसविंदर सिंह संधू को कुल 79 मत प्राप्त हुए और उन्हें विजयी घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए सोनू यादव को 63 मत तथा महाराज सिंह को 31 मत प्राप्त हुए। 32 मतों के अंतर से सोनू यादव उपाध्यक्ष चुने गए। सचिव पद पर रितेश जैन को 67 मत मिले, जबकि नितिन गुप्ता को 25 मत प्राप्त हुए।

इस प्रकार रितेश जैन 42 मतों से विजयी रहे। कोषाध्यक्ष पद के लिए हेमंत मलिक को 72 मत एवं भूरे सिंह को 22 मत प्राप्त हुए, जिसमें हेमंत मलिक 50 मतों से निर्वाचित हुए। शरद बंसल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव की संपूर्ण जानकारी निर्वाचन अधिकारी शिव नारायण शर्मा एवं धर्मेंद्र कुमार सिंहल एडवोकेट ने दी।

## भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित कुटुंब व्यवस्था से ही राष्ट्र सशक्त होगा: पाठक

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य नगर की सरस्वती बस्ती अंतर्गत व्यायाम शाला में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कार्तिक चौक स्थित बालाजी मंदिर से निकली गई कलश यात्रा से हुई, जो पेढ़ी चौराह, किलेअंदर, बक्सरिया एवं चौपड़ा होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि संघ के पूर्व प्रचारक अंकित पाठक रहे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष पुजारी महासंघ संजय पुरोहित एवं एडवोकेट ज्योति जाधव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने हिंदू भाव को जागृत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए समरस, पर्यावरण अनुकूल एवं भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित कुटुंब



व्यवस्था को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संगत भोजन एवं भारत माता की आरती के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यवाह गुलाबसिंह कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रघुवंशी समाज की जिला स्तरीय बैठक हुई, एक फरवरी को होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन और करियर काउंसलिंग कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रघुवंशी समाज द्वारा 1 फरवरी को शहनाई गार्डन में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला को लेकर रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर से आए समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और सफल संचालन पर विस्तार से चर्चा की।



जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह परिचय सम्मेलन पहली बार जिले में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 1 हजार समाजजनों को आमंत्रित किया गया है। बढ़ती सहभागिता को देखते हुए आयोजन स्थल को रघुवंशी धर्मशाला से बदलकर शहनाई गार्डन किया गया है। सम्मेलन में भोजन की समुचित व्यवस्था के साथ महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं रहेंगी।

सम्मेलन में चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, चंदेरी विधायक जगन्नाथसिंह रघुवंशी, गंजबासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश रघुवंशी सहित राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी अधिकारी मौजूद रहेंगे। परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 200 से अधिक युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया है।

### सेऊ से नटेरन तक शांति, समरसता और राष्ट्र निर्माण का संदेश

## समरस समाज और सशक्त राष्ट्र के लिए ध्यान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बढ़ते तनाव, नशाखोरी और सामाजिक असंतुलन के दौर में मानसिक शांति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण को लेकर सेऊ में हार्टफुलनेस संस्था एवं पुलिस विभाग ने ध्यान शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम में आईजी रुचिवर्धन मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के तहत ग्राम सेऊ से हार्टफुलनेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं पुलिस बल द्वारा एक अनुशासित पैदल रैली निकाली गई। रैली शांति, एकता और जागरूकता



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान नशे से दूर रहने की शपथ लेते हुए ग्रामीण।

के संदेशों के साथ नटेरन तक पहुंची, जिसने आमजन को सकारात्मक दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। रैली के उपरांत नटेरन थाना परिसर में विशेष ध्यान एवं आत्मिक शांति सत्र आयोजित हुआ। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, एसडीओपी बासौदा, नटेरन थाना पुलिस टीम एवं हार्टफुलनेस प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ध्यान अभ्यास कराया गया। इसी दौरान एएसपी श्री चौबे ने पुलिसकर्मियों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई।

### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के साथ समापन

आईजी रुचिवर्धन मिश्रा ने कहा कि आज समाज तनाव, क्रोध और असहिष्णुता से गुजर रहा है। ऐसे समय में ध्यान ही समरसता और राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार है। शांत मन से ही सही निर्णय संभव हैं, जो समाज और देश को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कागपुर में गौशाला के पीछे वृहद वृक्षारोपण किया गया। पुलिस अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र निर्माण का अहम हिस्सा बताते हुए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन कागपुर सांस्कृतिक भवन में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के साथ हुआ। पूरे आयोजन के माध्यम से शांति, समरसता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

## लेंसमेन फोटो वॉक में शहर के छायाकारों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

फोटोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय संस्था लेंसमेन द्वारा रविवार को सांची में एक विशेष फोटो वॉक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम सुबह 9 बजे सांची स्तूप से प्रारंभ हुआ। जहां से प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक स्थलों पर रचनात्मक फोटोग्राफी की।

फोटो वॉक में मोबाइल फोटोग्राफी, लैंडस्केप, पोर्ट्रेट जैसे विभिन्न विषयों पर अलग-अलग समूह बनाए गए। अनुभवी मेंटर्स ने प्रतिभागियों को तकनीकी एवं कलात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश मोवार, अनूप सोनी, डॉ. हर्षल डफाल तथा लेंसमेन संस्था के डॉ नीरज शक्ति निगम सहित भोपाल के वरिष्ठ छायाकारों ने अपना मार्गदर्शन दिया। इस आयोजन में अविरल जैन, आदेश जैन, करण सिंह, सुनील जैन, आकाश सैनी, डॉ. राहुल जैन, मनोज श्रीवास्तव, आशुतोष व्यास सहित अन्य छायाकारों ने भाग लिया। फोटोग्राफी सत्र के पश्चात प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों द्वारा भोजन सत्र में सभी के छायाचित्रों का विश्लेषण एवं अवलोकन प्राप्त किया। संस्था के मीडिया प्रभारी संयोग श्रीवास्तव ने बताया कि भविष्य में भी लेंसमेन संस्था इस प्रकार के रचनात्मक एवं प्रशिक्षणात्मक आयोजन निरंतर करती रहेगी, ताकि छायाकारों को सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता रहे।

## खबर संक्षेप

### नगर में निकली भगवान श्रीकृष्ण बारात



**गंजबासौदा।** भगवान कृष्ण और रुकमणी के विवाह के उपलक्ष्य में रविवार दोपहर को बारात निकाली गई। सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर में एक माह से चल रहे खिचड़ी उत्सव के दौरान मौनी अमावस्या पर यह आयोजन हुआ। मुरली मनोहर मंदिर से जुड़े पुजारी वल्लभ भार्गव ने बताया कि बारात चाचा वाली गली स्थित राम मंदिर के पास से शुरू हुई। यह मुख्य मार्ग गांधी चौक और सदर बाजार होते हुए मुरली मनोहर मंदिर पहुंची। बारात में ढोल-बाजे बजाए गए और गोपिकाएं बनी महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थीं। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। मुरली मनोहर मंदिर पहुंचने पर बारात का भव्य स्वागत हुआ, जिसके बाद भगवान कृष्ण और रुकमणी का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के चरण पखारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। एक माह तक चलने वाले खिचड़ी उत्सव का समापन मंगलवार को अमावस की दूज के दिन होगा।

### आरपीएफ ने की ऑटो चालकों पर कार्रवाई



**गंज बासौदा।** रेलवे स्टेशन के बाहर मुख्य द्वार पर ऑटो खड़े करने वाले चालकों पर आरपीएफ चौकी प्रभारी राहुल यादव द्वारा कार्रवाई करते हुए 11 ऑटो, ई रिक्शा चालको के प्रकरण बनाकर भोपाल भेजे गए।


# मसूदपुर के पास फिर हुआ सड़क हादसा, कार पेड़ से टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मसूदपुर के पास मार्ग के मोड पर एक और सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मसूदपुर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक अल्टो कार पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में विदिशा रेफर किया गया है। अंबानगर चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी जितेंद्र बाल्मीकि उम्र 30 वर्ष अपनी पत्नी गुंजा बाल्मीकि और पिता विनोद बाल्मीकि के साथ अल्टो कार से किसी काम से इकोदिया जा रहे थे। इसी दौरान मसूदपुर विद्यालय के पास अल्टो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में जितेंद्र बाल्मीकि की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके पिता विनोद बाल्मीकि गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा रेफर किया गया है, वहीं पत्नी गुंजा बाल्मीकि को मामूली चोटें आई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मसूदपुर मोड के आसपास आए दिन वाहन दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। जिसमें अनेक लोग अपनी जान गवां चुके हैं एवं अनेक लोग अपने हाथ पैर गवां चुके हैं। लोगों ने विभाग से चेतावनी बोर्ड एवं दिशा सूचक लगाने की मांग की है।

## एसजीएस की एनसीसी छात्रा चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय की एमए समाजशास्त्र की नियमित छात्रा आराधना विश्वकर्मा का चयन मध्यप्रदेश शासन की योजना मां तुझे प्रणाम में अंतराष्ट्रीय सीमा भारत-पाकिस्तान बॉर्डर राजस्थान के लोंगेवाला पोस्ट तनोट माता मंदिर पर भ्रमण करने के लिए हुआ है। उनका चयन एनसीसी 14 MP बटालियन 'C' प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है। साथ ही आराधना ने राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता सागर में चयनित होकर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता बैंगलोर में सहभागिता की। जिसमें 230 यूनिवर्सिटी में से आराधना विश्वकर्मा बरकतल्लाह विश्वविद्यालय की टीम ने 14 वीं रैंक हासिल की। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, अभिषेक सिंह खेल प्रशिक्षक, योगेश शिल्पकार सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मौसम विभाग ने दिए हल्की बारिश के संकेत, तापमान में रहेगा उतार चढ़ाव

# आसमान में छा रहे बादल, मौसम में बढ़ी ठंडक, मावठे की उम्मीद


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों इलाके में मौसम बार बार बदलाव हो रहे हैं। दिन में जहां धूप तेज हो जाती है तो शाम को फिर से ठंडी हवाओं के कारण लोगों को ठिठुरन होने लगती है। वहीं रविवार को तो सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे, जिससे लोगों को मावठे की उम्मीद बढ गई, वहीं मौसम में भी ठंडक बनी रही। उधर भारतीय मौसम विभाग ने तो आगामी दिनों में प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है, लेकिन इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने पानी बरसने के कोई संकेत नहीं दिए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि इस वर्ष फसलों के लिहाज से अच्छी सर्दी पड रही है और इस कारण इलाके भर में फसलों की ग्रोथ अच्छी हो रही है। तापमान में अचानक गिरावट न होने से जहां फसलों पर पाला नहीं पडा है, वहीं दिन में तेज धूप और गर्मी न होने से चना, मसूर



गंजबासौदा। रविवार की सुबह बादलों के कारण धूप भी देर से निकली।

सहित अन्य फसलों में कीट व्याधियों का भी प्रकोप कम रहा। इस स्थिति में किसान राहत महसूस कर रहे थे, लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम में आए बदलाव से उनकी चिंता बढ गई थी। ग्राम जीवाजीपुर के किसान गजेन्द्र बुंदेला, रवि दुबे, काजी किर्रोदा के सुनील दांगी, फूफेर के रमेश कुमार शिल्पकार आदि का कहना है कि अभी चना, मसूर की फसल फूल की अवस्था में है, ऐसे में पिछले दो दिनों से दिन में तेज धूप के कारण तापमान में उछाल से फसलों पर विपरीत असर पड रहा था। वहीं रविवार को आसमान पर बादल छाने और ठंडक बढने से कुछ राहत मिली है। किसान इन बादलों से मावठे की बारिश की उम्मीद भी लगा रहे हैं, ताकि फसलों को लाभ मिल सके। उधर भारतीय मौसम विभाग ने भी मौसम की स्थिति को



गंजबासौदा। रविवार की शाम भी आसमान पर बादल छाए रहे।

देखते हुए आगामी दिनों में प्रदेश में बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावनाएं जताई हैं। जिसको लेकर किसानों को मावठे की उम्मीद है और उनका कहना है कि मावठा बरसने से फसलों को तो लाभ होगा, साथ ही ठंडक भी लंबे समय तक बनी रहेगी।

दूसरी ओर मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने अभी मावठे के कोई संकेत नहीं दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में उतार चढाव बना रहेगा। इस दौरान इलाके में न्यूनतम तापमान 9 से 15 डिग्री सेल्सियश के बीच बना रह सकता है और अधिकतम तापमान 23 से 28 डिग्री सेल्सियश के बीच बना रहेगा। इस अवधि में आसमान पर कभी हल्के तो कभी घने बादल भी छाए रहेंगे, लेकिन उनसे बारिश की संभावना नहीं है।

## संत गाडगे जयंती को लेकर बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को ग्राम नसीदपुर में संत गाडगे जयंती को लेकर मालवीय समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के सभी वरिष्ठ एवं नव युवा शामिल हुए। बैठक में समाज के वरिष्ठ लोगों ने समाज के लिए काम करने की प्रेरणा दी और संगठन को मजबूत करने की बात कही। बैठक के दौरान सभी ने अपना परिचय दिया। बैठक में राजकुमार मालवीय, रमेश मालवीय, सुनील , बबलू, कमलेश मालवीय, रवि मालवीय, सुदीप मालवीय, रानू मालवीय, शुभम मालवीय, डालचंद्र मालवीय, दीपक, हर्ष, मयंक, हेमन्त सहित मालवीय समाज के अनेक लोग शामिल हुए।

## पुलिया चौड़ीकरण के लिए पाइप लाइन को शिफ्ट करने का काम शुरू हुआ


**गंजबसौदा।** नगर के प्रमुख मार्ग बरेठ रोड भावसार पुलिया के पास से निकली जलावर्धन योजना की पाइपलाइन को अब शिफ्ट करने का काम शुरू हो गया है। पाइपलाइन शिफ्ट ना होने के कारण पुलिया का चौड़ीकरण अटका हुआ था। नगर पालिका ने जल आवर्धन योजना की सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों को शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया है। पुलिया के पूर्वी हिस्से के चौड़ीकरण में ये पाइपलाइन बड़ी बाधा बन रही है। इसी कारण पहले नई लाइन अलग से बिछाई जा रही है। इसके बाद इन्हें चरणबद्ध तरीके से पुरानी लाइन से जोड़ा जाएगा। इससे जल सप्लाई पर कम असर पड़ेगा। नगर पालिका के जलावर्धन योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पाइप लाइन शिफ्टिंग के समय जलप्रदाय प्रभावित होने पर उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना दी जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि भावसार पुलिया के पश्चिमी हिस्से का चौड़ीकरण पहले ही पूरा हो चुका है। पूर्वी हिस्से का काम इन लाइनों के कारण रुका हुआ था। अब पुलिया क्षेत्र में लाइन हटाने के लिए खुदाई जारी है। नगर पालिका शहर के सभी 24 वार्डों में जहां पहले पाइपलाइन नहीं थी, वहां नई लाइन बिछा रही है। साथ ही भविष्य के विस्तार को ध्यान में रखते हुए करीब 80 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाली जा रही है। पूर्व में पाइपलाइन सड़क किनारे बिछाई गई थी स्मार्ट सिटी योजना के तहत सड़क चौड़ी होने के बाद ये लाइनें बाधा बन गईं। त्योंदा रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पुलिया चौड़ीकरण के दौरान खुदाई में लाइन टूट चुकी है। बरेठ रोड पर भी कई बार ऐसी स्थिति बनी। अब नगर पालिका इन लाइनों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर रही है। ताकि भविष्य में सड़क और पुलिया चौड़ीकरण में परेशानी न हो। नगर पालिका उपयंत्री मोहनी पंथी के अनुसार यह कार्य एक सप्ताह में पूरा हो जाएगा।



## ओवरलोड ट्रक दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के व्यस्ततम पचमा बायपास से गुजरने वाले ओवरलोड ट्रक एवं अन्य वाहन दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। गली से होकर निकली विद्युत केवल लाइन से यह ओवरलोड वाहन टकरा जाते हैं। जिससे कभी भी करंट प्रवाहित लाइन गली में गिर सकती है। जिससे बड़ा हादसा घटित हो सकता है। इस मार्ग से गुजरने के दौरान ओवरलोड ट्रॉले, भूसे से भरी ट्राली, ट्रक एवं अन्य ओवरलोड वाहन गली में घर के मुंडेरों से टकराकर उन्हे क्षतिग्रस्त कर देते हैं। वहीं विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वार्ड में बिजली सप्लाई के लिए बिछाई गई केवल लाइन से दिन एवं रात्रि के समय अनेक वाहन टकरा जाते हैं। रविवार को भी सुबह समय एक ओवरलोड ट्रक बायपास मार्ग से गुजरा, इस दौरान ऊपर



केवल लाइन से टकरा गया। जिससे केवल लाइन सहित विद्युत खंभा हिल गया। जिसके बाद क्लीनर ने ट्रक के ऊपर चढ़कर विद्युत केवल लाइन को ट्रक की छत से ऊपर किया तब कहीं जाकर ट्रक वहां से गुजर सका। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ट्रक क्लीनर भी बगैर सुरक्षा के ट्रक की छत पर चढ़कर केबल लाइन को हाथों से हटाने लगा। इस दौरान अगर करंट प्रवाहित केवल लाइन में कहीं कट होता तो क्लीनर इसकी चपेट में आकर गंभीर दुर्घटना का शिकार हो सकता था।

### थल सेना दिवस पर पूर्व सैनिकों ने मनाया वार्षिकोत्सव

**गंजबासौदा।** थल सेना दिवस पर नगर के पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों की बडी संख्या में मौजूदगी रही। कार्यकम में सैनिक परिवारों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सेवानिवृत्त सैनिकों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, उन्होंने अपने संघर्ष और राष्ट्रप्रेम को भावपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में थल सेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय सैनिक देश की शान हैं। वे परिवार से दूर रहकर सीमाओं पर तैनात रहते हैं, ताकि देशवासी सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा, सैनिकों और उनके परिवारों के त्याग को समाज कभी नहीं भूल सकता।

## सेवा केन्द्र पर ब्रह्मा बाबा की पुण्य तिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र में ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने ब्रह्मा बाबा की स्मृति में उनकी विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि सिंध प्रांत के हैदराबाद शहर में, सन 1876 में 'दादा लेखराज' ब्रह्मा बाबा का जन्म कृपलानी परिवार में हुआ था। अपने बाल्यकाल में माता-पिता के देहांत के पश्चात वे अपने चचेरे भाई की राशन की दुकान पर काम करने लगे। काम करते-करते वे गरीबों को राशन दान भी करने लग गये थे, जिसे देख चचेरे भाई ने उन्हें दुकान से निकाल दिया। तत्पश्चात बम्बई आकर उन्होंने हीरे-जवाहरात का ज्ञान प्राप्त किया और कुछ समय बाद अपना खुद का व्यवसाय प्रारंभ किया। दादा लेखराज ने अपने जीवन में 12 गुरू किये थे। वे नित्य गीता पाठी थे। सफर में भी गीता का पाठ अवश्य करते थे। दादा के पास पॉकेट साइज की छोटी 'गीता' भी रहती थी। सन 1936 में दादा की आयु जब 60 साल की हुई तब उनमें अचानक बदलाव आने लगे। दादा



एकांतप्रिय बनने लगे और ईश्वरीय चिंतन में मगन रहने लगे। इसी श्रृंखला में दादा अधिकाधिक एकांतप्रिय होने लगे और उन्हें अनेकानेक साक्षात्कार होने लगे, जैसे कि उन्हें परमपिता परमात्मा शिव तथा सृष्टि के महाविनाश का भयंकर साक्षात्कार हुआ। तब इस विषय में अधिक जानने की रूचि अंदर से उत्पन्न होने लगी।

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने 18 जनवरी, 1969 को कर्मातीत स्थिति को प्राप्त किया और अपने साकार शरीर का त्याग किया। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने कहा कि 18 जनवरी के महान दिवस में बाबा ने जो अंतिम महावाक्य उच्चारण किए, वे थे 'बच्चे, निराकारी, निर्विकारी और निरहंकारी इन तीन शब्दों के दिव्य वरदान द्वारा उन्होंने ब्रह्मावत्सों में रूहानी शक्ति भर दी। विश्व परिवर्तन के कार्य में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा आज भी परमपिता परमात्मा शिव के सहयोगी हैं। वे आज भी अव्यक्त रूप में बच्चों की अलौकिक पालना कर रहे हैं। ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी अलौकिक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा को उनकी स्मृति दिवस पर 140 देशों में फैले अनेकानेक ब्रह्मावत्स कोटि-कोटि नमन व श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

### कचरा ज्ञान से हिन्दुत्व को बचाना जरूरीः महेश्वर दास त्यागी महाराज

# सैंट एसआरएस पब्लिक स्कूल में हिन्दू सम्मेलन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत ही ऐसी धरती है जहां सभी संप्रदाय सुरक्षित हैं। हिंदुत्व को ऐसे लोगों से बचाना है, जो कचरा ज्ञान देकर तुम्हारे लिए खतरा पैदा करते हैं। देश की 100 करोड़ जनसंख्या का आंकड़ा हिंदुओं से पूरा नहीं होता है, क्योंकि कई तथाकथित हिन्दू विरोध करते हैं। इसलिए आवश्यक है, हिंदुओं की जाग्रति के लिए हिन्दू सम्मेलन हों। जाति बनाने के पीछे लोगों को रोजगार देना और रोग मुक्त रखना था ,लेकिन जाति के आधार पर अत्याचार करना गलत है। हमारे आदर्श विवेकानंद, भीष्म, परशुराम आदि हैं। यह बात रविवार को सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में संघ की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिंदू सम्मेलन में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी जी ने हिंदुत्व की व्याख्या करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व विश्व बंधुत्व का संदेश देता है, आज विधर्मियों से हिन्दुत्व की रक्षा भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि श्री राम शर्मा आचार्य ने वैदिक कर्म को आम लोगों के लिए खोला। त्यागी जी ने संघ की शताब्दी वर्ष की बधाई देते हुए हिन्दुओं को संघ कार्य में जुटने का आह्वान किया। हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चन और भारत माता की आरती के साथ हुआ। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने राम दरबार और भारत माता का दरबार सजाया। वहीं भारत के आजादी के दीवाने शहीद क्रांतिकारियों का स्वरूप धारण किया। संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने अतिथि परिचय कराते हुए हिन्दुओं की कम होती संख्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हमें यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ है कि हम हिंदुत्व जागरण के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। आज स्कूल की धरा को संत त्यागी का आशीर्वाद हिंदु सम्मेलन के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

संघ के सेवा प्रचारक रंजीत सिंह बघेल ने बताया कि हम परिचय में जाति-पाति बताते हैं। किंतु भारत के बाहर हमारी सही पहचान भारतीय कहलाती है। यदि हिन्दु होकर एक नहीं रहे तो सब कुछ छिन जाएगा। आज हमारी बेटियों को लक्ष्मी बाई, दुर्गावती जैसा बनाना है। ताकि समाज में घूम रहे पागल कुत्तों का बेटियां लाठियों से इलाज करें। संगीत शिक्षक शंभुगिरी गोस्वामी के निर्देशन में बच्चों ने गीतों की प्रस्तुति दी। एड. महेन्द्र सिंह ने शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि बिना जाति-पाति हटाए हिन्दु एकता की कल्पना नहीं की जा सकती। हिन्दू सम्मेलन में मंशापूरण मंदिर के महंत रामगुलाम दास आशीर्वाद देने पधारे। अन्नु महाराज एवं डॉ विजय कुमार जैन ने भी अपनी बात रखी। इस मौके पर राकेश जादौन, जितेन्द्र मैना, वेद प्रकाश शर्मा, पंकज कुशवाह, नीलेश बघेल, सुरेश तनवानी, दीपक तिवारी, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, दिनकर कद्रे, कृष्णपाल चौहान, प्रियंका अग्रवाल, रजनी गुप्ता, रंजू राठौर, सुमन श्रीवास्तव, प्रीती शर्मा, यशदा भारद्वाज, सुपार्श्व जैन, मनोज श्रीवास्तव, शुभांक, विक्रांत, गोविंद कुशवाह सहित सैकड़ों लोगों सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा।

## श्रमदान दल ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


रविवार को श्रमदान दल का साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 15 वाँ चरण सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्रमदानियों ने कहा कि नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति और जीवन की निरंतरता का प्रतीक है। इसी भाव को आत्मसात करते हुए साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत बेतवा नदी के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास जारी हैं। इस अभियान का 15वाँ चरण रिपटा घाट पर पूर्ण प्रतिबद्धता और सामाजिक चेतना के साथ संपन्न हुआ। सुबह के समय श्रमदान दल के सदस्य घाट पर एकत्र हुए और नदी किनारों व आसपास फैले कचरे की सफाई में जुट गए। यह दृश्य केवल सफाई का नहीं था, बल्कि उस सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक था, जो समाज को प्रकृति से जोड़ती है। श्रम से संदेश, उपस्थिति से प्रेरणा के इस



चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में दीपेश शर्मा, राकेश रघुवंशी, दिनेश चौरसिया, नितिन अग्रवाल, कुलदीप दांगी एवं आकाश जैन ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। उनकी उपस्थिति ने यह सिद्ध किया कि परिवर्तन भाषणों से नहीं, बल्कि स्वयं आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करने से आता है। श्रमदान के दौरान घाट क्षेत्र से प्लास्टिक, पूजा-सामग्री के अवशेष, घरेलू कचरा और अन्य अपशिष्ट एकत्र कर उसे निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से रखा गया। श्रमदान दल का मानना है कि नदी स्वच्छता को केवल अभियान या कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जा सकता। यह व्यवहार परिवर्तन और संस्कार निर्माण की सतत प्रक्रिया है। जब तक प्रत्येक व्यक्ति यह नहीं समझेगा कि नदी में फेंकी गई हर वस्तु अंततः उसी के जीवन को प्रभावित करती है, तब तक नदियों का संरक्षण संभव नहीं। लगातार 15 सप्ताह तक चल रहा यह अभियान यह साबित करता है कि निरंतरता ही परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है।

**खबर संक्षेप**

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज आएंगे देवपुर



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज ग्राम देवपुर पहुंचेंगे और वहां पर कांग्रेस पंचायत कमेटी का गठन एवं मनरेगा बचाओ अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ग्राम चौपाल आयोजित करेंगे। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भोपाल से बैरसिया होते हुए सबसे पहले ग्राम मसूडी पहुचेगें। जहां विगत दिनों पूर्व बैरसिया सड़क दुर्घटना में ग्राम मसूडी के एक ही परिवार के मृतको के परिजनो से मुलाकात करेगें। इसके बाद देवपुर के लिए रवाना होगें। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस,एनएसयूआई,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के सदस्य पदाधिकारी एंव समस्त सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहेगें।

### मां कामाख्या देवी जाएगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 31 जनवरी को वैष्णों देवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। वैष्णोंदेवी जाने वाली तीर्थयात्रा अब मां कामाख्या देवी के लिए दिनांक 31 जनवरी को की जावेगी। मां कामाख्या देवी जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर संदीप जी आर ने उक्त के संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम सागर, अधिशासी अधिकारी छावनी मंडल जिला सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी / कार्यपालन जनपद पंचायत, मुख्य नगर पलिका अधिकारी/नगर परिषद् को पत्र से निर्देशित किया कि तीर्थ यात्रियों के लिए माँ वैष्णोदेवी तीर्थ हेतु यात्रा प्रस्तावित की गई थी उक्त यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। मॉ वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा के स्थान पर कामाख्या धाम हेतु यात्रा जाना प्रस्तावित होने से तीर्थयात्रियों को सूचना दी।

निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

# ब्लू हाउस बना ओवरॉल चैंपियन, ग्रीन हाउस ने द्वितीय स्थान पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



निर्मला कॉन्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। वही इस उत्सव का नाम अग्रम-2026 रखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर से पधारे बिशप डॉ जेम्स अथिकलम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चतुर्वेदी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के बैंड ग्रुप के विद्यार्थियों ने बैंड की स्वर लहरिया बिखेरते हुये सभी अतिथियों को मंच तक पहुंचाया। इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया गया।

### प्रार्थना गीत की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा मनमोहन प्रार्थना गीत की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेंसी के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। स्कूल की हेड गर्ल सिद्दी रघुवंशी के द्वारा विद्यार्थियों को खेल समारोह की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में ब्लू,ग्रीन,रेड,यलो हाउस के विद्यार्थियो एंव स्काउट गाइड के सदस्यों के द्वारा मार्चपास्ट किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा एरोबिक डांस, ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई जिसे अतिथियों के द्वारा खूब सराहा गया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में बालक एवं बालिकाओं के लिये 100, मी, 200 मी रेस, रिले रेस, एवं मेडले रिले रेस एवं ऑबस्टेकल रेस का आयोजन किया गया गया।

### विजयी प्रतिभागियों को प्रदान किए मेडल व प्रमाण पत्र

वहीं कक्षा 1 के लॉयन एवं टाईगर ग्रुप की टीमों के बीच कब्बडी मैच का आयोजन किया गया जिसमें लॉयन ग्रुप की टीम विजेता रही। वही ऑवरोल प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ग्रुप के द्वारा 335 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। ग्रीन हाउस की टीम 321 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। विजयी प्रतिभागियों को अतिथियो के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर बिशप डॉ जेम्स अथिकलम, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चतुर्वेदी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, पालक शिक्षक संघ के उपसचिव अब्दुल कवि खा के द्वारा संबोधित करते हुये विद्यार्थियो की खेल प्रतिभा एवं संस्था की कार्यक्रम की सराहना की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

प्रांतीय कुशवाह समाज मप्र की जिला कार्यकारिणी बैठक हुई

# जिला अध्यक्ष बने अर्जुन सिंह कुशवाह



**सिरोंज।** रविवार को प्रांतीय कुशवाह समाज की कार्यकारिणी गठन हेतु हरिसिंह हाईस्कूल सिरोंज रोड मेहलुआ चौराहा पर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैठक में प्रांतीय कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाह उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर जिले की समस्त तहसीलो से पधारे समाजजनो के उपस्थिति व सहमति से अर्जुन सिंह कुशवाह को प्रांतीय कुशवाह समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। साथ ही लाल सिंह कुशवाह को संभाग उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कुशवाह,प्रदेश उपाध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह,प्रदेश सचिव एडवोकेट नीरज कुशवाह,प्रदेश महामंत्री सुनील कुशवाह सहित बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

**प्रदेश अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत -** प्रांतीय कुशवाह समाज की बैठक में शामिल होने सिरोंज से मेहलुआ चौराहा जाते समय नगर के अंनत श्री गार्डन के बाहर सिरोंज में कुशवाह समाजजनो ने प्रांतीय कुशवाह समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मान सिंह कुशवाह का प्रांतीय कुशवाह समाज जिला महिला अध्यक्ष विनीता कुशवाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुंशीलाल कुशवाह,इंदर सिंह कुशवाह, रामबाबू कुशवाह, जसमत सिंह कुशवाह, प्रांतीय कुशवाह समाज सिरोंज महामंत्री मनोज कुशवाह, तहसील अध्यक्ष मुकेश कुशवाह, प्रांतीय कुशवाह समाज सिरोंज युवा अध्यक्ष एड मलखान सिंह कुशवाह,गजेंद्र यादव, मन्नू दांगी, मीडिया प्रभारी चैन सिंह कुशवाह आदि ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

## ग्राम कोरवासा में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन



**सिरोंज।** देवपुर खंड के भौरिया मंडल का हिंदू सम्मेलन रविवार को कोरवासा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संत श्री 108 संतोष गिरी जी महाराज एवं मुख्य वक्ता विदिशा विभाग के विभाग ग्राम विकास प्रमुख जितेन्द्र सिंह दांगी ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही शक्तिशाली भारत का निर्माण कर सकता है। सत्य सनातन धर्म केवल धर्म है जो विश्व कल्याण की कामना करता है। देश की आने बाले दिनों मे क्या स्तिथि होगी इसका अध्ययन आज से 100 वर्ष पहले डॉ हेडगेवार जी ने कर लिया था। इसलिए सभी चुनौतियों के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। इतिहास में हिंदुओं की आपसी फूट,जाति,ऊंच नीच के भाव के कारण मे संगठन की कमी से मुट्ठी भर विदेशी आक्रांताओं ने न केवल भारत पर राज्य किया बल्कि लूटा भी। यहां की संस्कृति को नष्ट करने का भरसक प्रयास किया। हिंदू समाज के मंदिरों को तोड़ा। इसी क्रम में पंच परिवर्तन के बारे में बताया कि हम सभी को पांच परिवर्तनों पर अपने परिवार,समाज में अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है जैसे पर्यावरण संरक्षण,नागरिक शिष्टाचार,कुटुम्ब प्रवोधन, सामाजिक समरसता एवं स्वदेशी का भाव है। शोभायात्रा गांव की गलियों से निकाली गई जिसमें भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी की मनोरम झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। वही अंत में भारत माता की आरती के बाद समरसता भोज में आए हुए सभी समाज जनों ने मातृ शक्ति ने बैठकर भोजन ग्रहण किया।

# श्री 1008 ऋषभदेव आदिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया

## सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया, अनेक श्रद्धालुओं ने थामी धर्म ध्वजा

**सिरोंज।** श्री 1008 भगवान ऋषभदेव आदिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया।

जिसमें सभी मंदिरों की पालकी विमान जी निकले गए। जिसमें 1008 दिगंबर जैन बड़ा मंदिर,पचखनी मंदिर,हाजीपुर मंदिर एवं श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगंबर जैन छोटा मंदिर के विमान निकले गए। इस अवसर पर चल समारोह में भव्य आकर्षक का केंद्र सभी महिला मंडल एक ही रंग के हथकरघा के बने हुए वस्त्र में दिखाई दी। वही पुरुष वर्ग सफेद कुर्ता पजामा में शामिल हुए। दिव्य घोष नवयुवक मंडल का चल समारोह विमान की शोभा बढ़ा रहा था। साथ ही साढोरा का बैंड एवं बीनागंज की शहनाई की सुंदर ध्वनि से भक्ति मय पूरा नगर हो गया। सबसे प्रथम बड़े मंदिर जी का विमान





उसके पश्चात हाजीपुर मंदिर जी का विमान एवं पचखनी मंदिर जी का विमान चांदी के रथ में सभी भगवान की शोभायात्रा में शोभायमान हो रहे थे। जिसे देख ऐसा गग रहा था कि मानो जैसे साक्षात भगवान का समवशरण चल रहा हो। सबसे प्रथम सभी पाठशाला परिवार के बच्चे बच्चियों इसके पश्चात दिव्या देशना मंडल,महिला समिति एवं सभी मंडल अपनी-अपनी रंग के वस्त्र एवं ध्वजा लेकर चल रही थी। उसके पश्चात पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज चल रहे थे। वही जगह-जगह रंगोली बनाई गई एवं श्री जी की आरती एवं पाद प्रक्षालन एवं जगह-जगह भगवान की व गुरु जी की आरती उतारी गई। इस मौके पर डॉ राजीव जैन, संजय जैन, सौरभ जैन गुलाबगंज,अतुल जैन, कुलदीप जैन, नितिन जैन, आकाश जैन,ब बलू जैन दाल मील सकल दिगंबर जैन पंचायत एवं सभी मंदिर के ट्रस्ट सदस्य उपस्थित रहे।

## धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा रुद्राक्ष धामः अविराज सिंह

**सागर।** युवा नेता अविराज सिंह ने शहर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों से सौजन्य भेंट कर श्रीराम कथा एवं भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र वितरित किए। इस क्रम में उन्होंने मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, तथा देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया से उनके निवास पर भेंट कर उन्हें विधिवत आमंत्रण प्रदान किया। ज्ञातव्य है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी पधार रहे हैं। इस अवसर पर अविराज सिंह ने रुद्राक्ष धाम, सागर में आयोजित होने जा रहे सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव एवं नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी दी। आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से नगर एवं अंचल के नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा। रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन प्रस्तावित है। वहीं 1 फरवरी को नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। सुप्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक पं. श्री प्रेमभूषण जी महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक भगवान श्रीराम की पावन कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा।

# खरेरा धाम में पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

तहसील के प्रसिद्ध खरेरा धाम में आयोजित होने वाले श्री रूद्र यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व रविवार को कलश यात्रा निकाली गई।

बावना नदी के तट पर स्थित खरेरा धाम में भगवान भोलेनाथ पशुपतिनाथ एवं हनुमान जी विराजमान हैं, जहां पिछले 7 वर्षों से निरंतर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है। कलश यात्रा धामनोद, दसीपुर, गुंजारी, हैदरगढ़, कोलुआ होते हुए खरेरा धाम पहुँची। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। ट्रैक्टर-ट्रालियों, चारपहिया वाहनों और मोटरसाइकिलों के लंबे काफिले के साथ सैकड़ों श्रद्धालु, श्रद्धा व उत्साह के साथ शामिल हुए। यात्रा में श्रीश्री 108 महंत रामदास महाराज, मोहन दास महाराज, कथा वाचक पंडित देवेंद्र भार्गव एवं मुख्य यजमान भारत सिंह गुर्जर का विशेष स्वागत किया गया। आयोजन के अंतर्गत सोमवार से रविवार तक प्रतिदिन श्री रूद्र यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा होगी। व्यवस्थाओं में जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति, पुलिस प्रशासन एवं काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जैन समाज का वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद



नगर में जैन समाज द्वारा वार्षिक वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रातः भगवान के अभिषेक के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर श्री 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन एवं श्री बड़े बाबा विधान विधिपूर्वक संपन्न किए गए। इसके उपरांत श्रीजी की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा एवं आरती कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भोपाल नेमीनगर से पधारे नेमीनगर सेवादल द्वारा दिव्यघोष की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण धर्ममय हो गया। मंदिर परिसर में देर रात तक भजन-कीर्तन हुए तथा समाजजनों के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।।

### अभ्युदय मप्र कार्यक्रम की संगोष्ठी आयोजित

**ग्यारसपुर।** 12 से 26 जनवरी तक आयोजित ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद द्वारा ब्लॉक ग्यारसपुर के संदीपनी विद्यालय में ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट मुकेश सोनी, राघवेंद्र शर्मा, शुभम मिश्रा तथा सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम कुशवाह एवं गोविंद दास बैरागी उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें ग्रामीण विकास से जोड़कर प्रस्तुत किया। साथ ही ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की जानकारी देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, जन सहभागिता एवं शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम मणिपुर रवाना

**विदिशा।** 69वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-19) में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने 18 सदस्यीय बालिका टीम इंफाल मणिपुर के लिए रवाना हो गई है। डीईओ शिशुपाल सिंह जाटव सहित शिक्षा और खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस 18 सदस्यीय दल ने पुलिस लाइन और जिला खेल परिसर में प्री-नेशनल कोचिंग कैंप में कड़ा अभ्यास किया। फुटबॉल कोच रविकांत नामदेव के बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया।

संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# कलश यात्रा से लेकर सहभोज तक दिखी सामाजिक समरसता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित हिन्दू सम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

देशभर में चल रहे आयोजनों की श्रृंखला में कुरवाई का यह सम्मेलन सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और समरसता का सशक्त उदाहरण बना। कार्यक्रम में मंडी बामोरा से पधारे महंत लोहा लंगड़ी वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता, काशी (वाराणसी) से पधारी साध्वी कृष्ण प्रिया प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता एवं साध्वी कृष्ण प्रिया के ओजस्वी और प्रेरणादायी उद्बोधनों ने उपस्थित जनसमूह को सनातन संस्कृति, राष्ट्रभाव और सामाजिक चेतना का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं एवं कन्याओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुआ, जो मुरलीधर मंदिर से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुँची। कलश यात्रा के पश्चात संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें महिषासुर मर्दिनी, लव जिहाद जैसे सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर किया। इसके पश्चात वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम के समापन पर नगरवासियों द्वारा सामाजिक समरसता के उद्देश्य से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सहभोज कर एकता और भाईचारे का संदेश दिया।पूरा कार्यक्रम मुरलीधर मंदिर स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में आयोजित किया गया, जहाँ हिंदू समाज की एकजुटता, श्रद्धा, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

बाबा रामदेव मंदिर में संगीतमयी शिव महापुराण कथा का चल रहा आयोजन

# कथा सुनना ही नहीं, जीवन में उतारना होगा

भागवत चिंतन मिशन विदिशा के कार्यकर्ताओं ने कथा में आशीर्वाद लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

बाबा रामदेव मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमयी शिव महापुराण कथा के दौरान भारत राष्ट्र गौरव से सम्मानित भगवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि शिव महापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को आध्यात्मिक ऊँचाई तक ले जाने वाला मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने मात्र से उसका पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता, जब तक उसके उपदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाया न जाए। यदि मनुष्य के जीवन में झूठ प्रवेश कर जाता है, तो उसके साथ ही शरीर और मन में अनेक अवगुण स्वतः जन्म ले लेते हैं।

कथावाचन के दौरान भगवान शिव की लीलाओं, ज्ञान और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया गया। संगीतमयी प्रस्तुति के कारण पूरा वातावरण शिवमय हो गया। बड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया। रविवार को कथा में मुख्य यजमान डॉ विजय सक्सेना भोपाल, प्रकाश आर्य ने शिव महापुराण की पूजा अर्चना की। भागवत चिंतन मिशन विदिशा के कार्यकर्ताओं ने कथा में पहुंच कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कथा व्यास का सम्मान किया तथा क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।

### डंगरवाड़ा, महूठा में हिंदू सम्मेलन आयोजित, पंच परिवर्तन पर दिया संदेश

**शमशाबाद।** खंड सूर्यनगर के ग्राम डंगरवाड़ा व महूठा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह राजेंद्र खोड़के ने पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया। महूठा में जिला प्रचारक प्रमुख वीरेन्द्र रघुवंशी सामाजिक समरसता एवं स्व का भाव जागृत करते हुए हिन्दू समाज को अपने जीवन में लाने का आग्रह किया। हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# अरिहंत विहार में मधुकर बस्ती का हिंदू सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मधुकर बस्ती अरिहंत विहार में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में परम पूज्य निर्यापक मुनिश्री 108 सम्भवसागर महाराज सासंघ एवं श्रीमद् भागवत गीता के कथावाचक पं. अंकित कृष्ण बटुक जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में संघ के विभाग कार्यकारिणी समिति सदस्य राम कमल रघुवंशी उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों में विभिन्न समाजों के प्रमुख एसपी चतुर्वेदी, ओमप्रकाश जैन, राजकुमार सर्राफ एवं रघुवीर सिंह चौहान शामिल थे। सर्वप्रथम कथावाचक पं. अंकित कृष्ण बटुक जी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र की मजबूती एवं हिंदू राष्ट्र की एकता के लिए समाज को संगठित होने का आह्वान किया। इसके बाद संभव सागर महाराज ने सनातन और जैन धर्म की समानताओं पर प्रकाश डालते हुए मातृभाषा में शिक्षा को भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने अपने गुरु संत शिरोमणि विद्यासागर को स्मरण करते हुए इंडिया के स्थान पर भारत कहने के संदेश का उल्लेख किया। अंत में राम कमल रघुवंशी ने संघ की विचारधारा एवं राष्ट्रव्यापी हिंदू सम्मेलनों के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन दीपक तिवारी ने किया।

## नहर के रास्ते में डाले पत्थर, फिर भी टेल एरिया के किसानों के खेत प्यासे

# बनछोड़ डैम की नहरों की मरम्मत व सफाई के लिए हर साल लाखों-करोड़ों का बजट खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की सिंचाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला जल संसाधन विभाग हर साल बनछोड़ डैम की नहरों की मरम्मत पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। नहरें बनी हैं, बजट भी खर्च हुआ है, मगर टेल एरिया के किसानों के खेतों तक आज तक पानी नहीं पहुंच पाया।

बनछोड़ डैम से निकली नहरों के जरिए बनछोड़, पैमत, ब्यावरा, महू जागीर, चांदपुर सहित आसपास के गांवों के खेतों तक सिंचाई का सपना दिखाया गया था। नहरें खेतों के किनारे तक पहुंच गईं। लेकिन अंतिम छोर यानी टेल एरिया के अन्नदाता के खेतों में खड़ी फसलें आज भी पानी के लिए तरस रही हैं। रबी सीजन में जब सिंचाई की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब किसान या तो बारिश पर निर्भर रहने को मजबूर हैं या फिर निजी साधनों से महंगी सिंचाई कर रहे हैं।

### नहरें बनीं गंदे नाले

साफ-सफाई के अभाव में बनछोड़ डैम की कई नहरें अब गंदे नालों में तब्दील हो चुकी हैं। महू जागीर क्षेत्र में हालात और भी बदतर हैं, जहां नहर कचरे, घास-फूस और गंदगी के बीच से नाले की तरह बहती नजर आती है। कई स्थानों पर नहरें पूरी तरह सूखी पड़ी हैं। ऐसे हालात में टेल एरिया के किसान फसलों की सिंचाई के लिए मुंह ताकते रह जाते हैं।

नहरों की सफाई न होने से सैकड़ों बीघे



### नहरों की मरम्मत सिर्फ कागजों में

*किसान खेमचंद पटेल , दिली चंद आदिवासी बद्री सिंगरौली बाला प्रसाद सिंगरौली और खुशीलाल का आरोप है कि नहरों की मरम्मत केवल फाइलों में होती है। धरातल पर नहरें सूखी, टूटी-फूटी और जर्जर हालत में पड़ी हैं। जानकारी के अनुसार दो साल पहले जिले में नहर मरम्मत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई, लेकिन इसके बावजूद नहरों में एक बूंद पानी तक नहीं पहुंचा। किसानों का कहना है कि जब नहरों में पानी ही नहीं आएगा तो मरम्मत पर किया गया खर्च पूरी तरह व्यर्थ साबित होगा। सिंचाई की समस्या जस की तस बनी हुई है और किसान लगातार नुकसान झेल रहे हैं।*

गेहूं चना की फसल जलमग्नःकिसानों की गेहूं की फसल खराब, मुआवजे की उठाई मांग नहरों की बदहाल स्थिति के चलते किसानों पर भारी संकट खड़ा हो गया है। बिना सफाई कराए ही नहर में अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने से सैकड़ों बीघे गेहूं



की फसल जलमग्न हो गई है। खेतों में लगातार पानी भरे रहने से गेहूं चने की फसल पूरी तरह खराब होने की कगार पर है, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि नहर की समय से सफाई नहीं कराई गई। नहर में सिल्ट, झाड़-झंखाड़ और मिट्टी जमा होने के कारण पानी का बहाव बाधित हो गया है। स्थिति यह है कि जगह-जगह नहर पर बनी पुलियाएं पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी हैं, जिससे पानी आगे की ओर नहीं जा पा रहा है। परिणामस्वरूप नहर का पानी अगल-बगल के खेतों और नालियों में फैल रहा है और चारों ओर की खेती को नुकसान पहुंचा रहा है।

किसानों के अनुसार नहर की मेड़ें भी कमजोर हो चुकी हैं। तेज बहाव के कारण कई स्थानों पर नहर का पानी किनारों से बाहर निकलकर सीधे खेतों में भर गया है। गेहूं चने की खड़ी फसल कई दिनों से पानी में डूबी हुई है। जिससे फसल सड़ने लगी है। यदि जल्द पानी की निकासी नहीं हुई तो पूरी फसल नष्ट हो जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या की सूचना कई बार संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को दी गई। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### प्रशासन से जांच और जवाबदेही की मांग कागजों में

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नहरों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, वास्तविक भौतिक सर्वे कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। ताकि हर साल मरम्मत के नाम पर खर्च होने वाली लाखों-करोड़ों की राशि व्यर्थ न जाए और सिंचाई योजनाओं का वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंच सके।

### इनका कहना है

नहरों की साफ सफाई और मेंटेनेंस कराया गया है। बाकी अन्य क्षेत्रों में भी नहरों की सफाई मरम्मत कार्य चल रहा है। जल्द ही यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

**जितेंद्र पाटीदार**-इंजीनियर जल संसाधन विभाग

## मंगलेश्वर तीर्थ में आज से शुरू नर्मदा जयंती महोत्सव

### महारुद्र अभिषेक, नर्मदा पुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्मदा जयंती पर प्रतिवर्ष अनुसार सात दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव का धार्मिक आयोजन 19 से 25 जनवरी तक मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में आयोजित हो रहा है जिसकी तैयारियां पूज्य ब्रह्मचारी जी की देखरेख निर्देशन में हो रही है। नर्मदा जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन महा रुद्राभिषेक के साथ श्री नर्मदा महापुराण महत्व कथा का आयोजन होगा। 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर उपनयन संस्कार के साथ विद्यार्थियों को ब्राह्मी पिलाने और 25 जनवरी को नर्मदा जयंती पर ऋषिईश्वर महिला मंडल द्वारा नर्मदा मैया को चुनरी अर्पण दीपदान महा आरती इत्यादि के कार्यक्रम होंगे।

मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल नर्मदा मैया के उत्तर तट स्थित आश्रम में 24 वा वर्ष नर्मदा जयंती महोत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन हो रहा है। 19 जनवरी को विधि विधान से नर्मदा जयंती महोत्सव का पूज्य ब्रह्मचारी जी द्वारा साधु संतो भक्तों की उपस्थिति में शुभारंभ होगा



प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 12 तक महा रुद्राभिषेक एवं दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्री नर्मदा पुराण कथा पूज्य ब्रह्मचारी जी के मुखारविंद से सुनने का अवसर क्षेत्र के धार्मिक श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा साथ ही धार्मिक आयोजन के दौरान क्षेत्र के साधु संतों के दर्शन करने का भी सौभाग्य प्राप्त होगा।

आश्रम में प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक योगाचार्य सुरेश भार्गव भोपाल द्वारा योग शिविर के दौरान योग प्राणायाम व्यायाम क्रियाओं का अभ्यास करवा कर बीमारियों के उपचार और स्वस्थ जीवन जीने का प्रयास भी किया जाएगा।


### पाइपलाइन में कराया सुधार, वार्डवासियों ने माना आभार

**रायसेन।** शहर के वार्ड 6 में नल में गंदा पानी आने की सूचना मिलने पर नपा सीएमओ सुरेखा जाटव ने मामले को संज्ञान में लिया सुपरवाइजर और लाइनमैन को जांच के लिए मोके पर भेजा। उन्होंने बताया कि इस दौरान नल चालू करके जांच की तो पता चला कि पाइपलाइन में गंदा पानी नहीं आ रहा । बल्कि उस व्यक्ति का नल कनेक्शन टूटा हुआ था। जिससे घर में गंदा पानी पहुंच रहा था जिसे प्राथमिकता से ठीक कराया गया।

## 4 दिन से घना कोहरा पड़ रहा था रविवार को दिनभर छाए रहे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में 4 दिन से लगातार कोहरा छाया हुआ है। सुबह के समय 50 फिट तक का भी व्यक्ति कोहरे के कारण दिखाई नहीं दे रहा था। रविवार को दिन में भी रात जैसी ठंड पड़ रही है। तीन दिन में 5 डिग्री से अधिक तापमान गिरकर न्यूनतम पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में 48 घंटे में छह डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ और पछिया हवा से गलन वाली ठंड बढ़ गयी है।



रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, धूप नहीं निकलने से ठंड और ज्यादा बढ़ गई। ग्रामीण इलाकों में अलाव जलाकर लोग ठंड से बचते नजर आए

## बापौली धाम में सकल हिंदू सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विंध्याचल पर्वत की तलहटी में स्थित प्राचीन शिव बापौली धाम में आज सकल हिन्दू समाज का हिन्दू सम्मेलन हो रहा है ब्रह्मलीन बड़े गुरु जी की तपस्या स्थली बापौली धाम में प्राचीन बावड़ी और अद्भुत सिद्ध विशाल शिवलिंग संपूर्ण क्षेत्र के धर्म प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। आज होने वाले हिन्दू सम्मेलन में संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र के हजारों नर नारी युवाओं की उपस्थिति रहेगी।

बापौली धाम में बरसों से सर्व सुविधायुक्त गौशाला और संस्कृत पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। बड़ी नहर के किनारे स्थित बापौली धाम दशकों से क्षेत्र में सनातन संस्कृति धर्म और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है। पिछले 15 वर्षों से जम्मू वाले लाल बाबा जी द्वारा सूर्योदय से सूर्यास्त तक मौन धारण कर



साधना तपस्या की जा रही है बापौली धाम तपोवन के रूप में विकसित हो रहा है विशाल पाषाण मंदिर निर्माण भी प्रस्तावित है। आज सोमवार को शिव बापौली धाम में होने वाले सकल हिन्दू समाज के सम्मेलन के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है। संत, लाल बाबा जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ समस्याओं का समाधान भी प्राप्त करेंगे।

## मौनी अमावस्या पर नर्मदा तटों में पर्व स्नान करने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संपूर्ण क्षेत्र में नर्मदा मैया के प्रति अपार श्रद्धा भक्ति भाव बना हुआ है पिछले दिनों मकर संक्रांति पर्व पर दो दिन हजारों हजार श्रद्धालु नर नारियों की नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाने उपस्थिति रही। रविवार को मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर भी क्षेत्र के नर्मदा तटों पर प्रातः काल से हजारों नर नारियों ने पुण्य की डुबकी लगाई।

देवरी ,उदयपुरा, बरेली , बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा पतई



,शोकलपुर ,बोरास, कैतोघान, अलीगंज ,मांगरोल, पुलघाट, घाट पिपरिया, डूमर, मंगलेश्वर आश्रम मांगरोल ,बगलवाडा ,मोतलसिर तटों पर अमावस्या पर स्नान करने भीड़ का नजारा बना रहा।

## मरीज के परिजनों से घूस लेना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जननी एक्सप्रेस वाहन एंबुलेंस के ड्राइवर द्वारा मरीज के परिजनो से रिश्वत मांगने काफी भारी पड़ा उसे अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला अस्पताल में संलग्न जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस आरजे 14 पीजी 0818 के ड्राइवर द्वारा प्रसूता के परिजन से पैसे मांगने की जानकारी संज्ञान में आने पर उक्त जननी एक्सप्रेस के ड्राइवर की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। संबंधित वेंडर के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही जारी है।

## समाज की ताकत उसकी एकता से है: मलखान सिंह

### सलामतपुर खंड में हुआ हिंदू सम्मेलन, मुख्य मार्गों से निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

रविवार को सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कस्बा सलामतपुर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और सनातन धर्म के अनुयायी शामिल हुए। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू एकता पर दिया जोर। इस हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करना रहा।

इस दौरान सलामतपुर कस्बे सहित मंडल में शामिल ग्रामीण अंचल के लोग एकत्रित हुए। सम्मेलन से सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। पूरे कस्बे में




धार्मिक माहौल और उत्साह बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत द्वारकाधीश मंदिर से पारंपरिक कलश यात्रा से शुरू हुई। इसमें मातृशक्ति, युवा वर्ग और श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल हुए।

पूरे कस्बे में भगवा झंडे लहराए गए ओर जयघोष की गूंज से वातावरण धर्ममय हो गया। हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता विहिप मध्य भारत प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर, महंत मणिराम दास महाराज और साध्वी पूनम शास्त्री का उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की ताकत उसकी एकता से है। इसमें किसी भी तरह का कोई जातिगत भेदभाव नहीं रखा गया।

## दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नपा कार्यालय परिषद में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी , स्थायी नपा कर्मियों को रिक्त पदों पर पदस्थ किया जाए। इसी उद्देश्य को लेकर नगर पालिका के सामुदायिक भवन के बाहर रविवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि अरविंद मिश्रा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ एवं प्रभारी नगर पालिका निगम कर्मचारी महासंघ ने कहा कि नगर पालिका रायसेन में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं स्थायी कर्मियों को,खाली पदों पर नियमित किया जाए। नये सेट-अप अनुसार रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए।




शासन के आदेशानुसार समयमान वेतनमान का लाभ शीघ्र दिया जाए। महेंद्र सिंह ठाकुर सह प्रभारी ने कहा कि समस्त नगर पालिका कर्मचारियों को कैशलैस स्वास्थ्य बीमा कराया जाए। मप्र राज्य अधिकारी संघ डॉ सुनील यादव ने कहा कि दैनिक वेतनभोगी एवं स्थायी कर्मियों को बेजुबेरी एवं अनुकम्पा नियुक्ति की सुविधा प्रदान की जाए।


महेंद्र सोनी विभाग प्रमुख ने कहा कि अंशकालीन पम्प ऑपरेटर , मालियो एवं श्रमिकों को न्यूनतम वेतन भुगतान किया जाए। नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा अवधि में, दैनिक एवं स्थायी कर्मी की सेवा काल भी जोड़ा जाए।

## गंदा पानी पीने के लिए मजबूर लोग, बीमारियों का डर कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के कई इलाकों में गंदे पानी की सप्लाई से नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। तालाब मोहल्ला, अस्पताल कर्मचारी आवास कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में नलों से बदबूदार और मटमैला पानी आ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग इस पानी को पीने तो दूर, रोजमर्रा के इस्तेमाल से भी कतरा रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से यही स्थिति बनी हुई है। शिकायतें नगर पालिका और संबंधित विभाग तक पहुंचाई गईं थी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना है ।



### नलों से आ रहा बदबूदार पानी

तालाब मोहल्ला के रहवासियों मलखान रावत,आम आदमी पार्टी के नेता प्रदीप मिर्धा, का कहना है कि कई बार नलों से गंदगी और बदबू वाला पानी आता है। मजबूरी में लोग पानी छानकर या उबालकर इस्तेमाल कर रहे हैं। अस्पताल कर्मचारी आवास कॉलोनी में भी यही हाल है, जहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों और उनके परिवारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## चुनाव आयोग की गलती का खामियाजा भुगत रहे लोग

# मतदाता सूची में पिता का नाम नहीं खा रहा मेल!


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची के शुद्धिकरण के नाम पर शुरू की गई एसएआर (स्पेशल एबस्ट्रैक्ट रिवीजन) प्रक्रिया अब आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। रायसेन जिले में मतदाता सूची में पिता के नाम का मेल नहीं खाने के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। चुनाव आयोग की तकनीकी और डेटा एंट्री से जुड़ी खामियों का खामियाजा सीधे मतदाताओं को भुगतना पड़ रहा है।

जिले में अब तक एसएआर के दौरान 6 तरह की लॉजिकल डिस्पेंसी (तकनीकी विसंगतियां) सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और गंभीर समस्या पिता के नाम के मिसमैच की है। कई मतदाताओं के आधार, समग्र आईडी और पुराने वोटर आईडी में पिता का नाम सही है, लेकिन मतदाता सूची में अलग दर्ज हो गया है।

### कर्मचारियों पर भी बढ़ा दबाव

बीएलओ और डाटा ऑपरेटरों का कहना है कि पोर्टल पर पहले से दर्ज गलत जानकारी को सुधारना आसान नहीं है। सिस्टम में सुधार के दौरान कई बार वही गलती दोबारा दिखने लगती है, जिससे काम की रफ्तार धीमी हो रही है।



### चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल

*मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की मंशा से शुरू की गई एसएआर प्रक्रिया इन दिनों खुद सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब गलती सिस्टम और डेटा एंट्री की है, तो सजा मतदाताओं को क्यों भुगतनी पड़ रही है। इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इन लॉजिकल डिस्पेंसी को दूर नहीं किया गया, तो चुनाव के समय बड़ी संख्या में मतदाता अपने मत अधिकार से वंचित हो सकते हैं। बहरहाल अब देखना यह है कि चुनाव आयोग इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और आम मतदाताओं को कब राहत मिलती है।*

### ये सामने आई प्रमुख लॉजिकल डिस्पेंसी

*1. पिता के नाम की स्पेलिंग में अंतरपूरा नाम होने की जगह सिर्फ उपनाम दर्ज*
*2. पिता के नाम की जगह पति का नाम दर्ज*
*3. हिंदी–अंग्रेजी ट्रांसलेशन की गलती पुराने रिकॉर्ड और नए डेटा में असमानता*
*4. समग्र आईडी से लिंक न होना एक ही परिवार के सदस्यों में अलग-अलग सरनेम*
*5. मतदाताओं को करना पड़ रहा बार-बार चक्कर*
*6. इन विसंगतियों के कारण कई मतदाताओं के नाम सत्यापन में अटक गए हैं। स्थिति यह है कि मतदाता फार्म जमा करने के बाद भी बीएलओ और निर्वाचन कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं।*

### सभी को दे रहे एप से नोटिस

जिले में करीब 4000 से ज्यादा एसआइआर में नाम गड़बड़ हुए हैं। उन्हें अब एप से नोटिस दिए जाएंगे। एसआइआर की त्रुटियों में सुधार कार्य फिलहाल जोरों से चल रहा है।

**मनोज उपाध्याय**-एडीएम उप निर्वाचन अधिकारी

## बजरंग चौराहे पर हुआ यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

### जिला यातायात प्रभारी लता मालवीय ने सड़क सुरक्षा नियम प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के थाना सिलवानी अंतर्गत बजरंग चौराहे पर रविवार को यातायात पुलिस द्वारा व्यापक यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना रहा। कार्यक्रम में जिला यातायात प्रभारी लता मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने वाहन चालकों व राहगीरों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले यातायात जागरुकता अभियान के तहत नगर में कार्यक्रम




आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला यातायात प्रभारी लता मालवीय ने कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की सलाह देते हुए कहा कि हेलमेट सिर की सुरक्षा करता है और दुर्घटना की स्थिति में जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। इसी प्रकार चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता बताते हुए उन्होंने कहा कि सीट बेल्ट लगाने से गंभीर चोटों से बचा जा सकता है। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने को अत्यंत खतरनाक बताया।